जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक/जीविवि/परीक्षा-2/गोपनीय/2017/304 **दिनांक : 23.03.2017**

प्रति,

आवश्यक

प्राचार्य/प्राचार्या/विभागाध्यक्ष/समन्वयक
समस्त शासकीय एवं अशासकीय सम्बद्ध महाविद्यालय एवं अध्ययनशालाऐं
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

विषयः- **पी.जी.डी.सी.ए. प्रथम सेमेस्टर परीक्षा दिसम्बर-2016 (नियमित/ भूतपूर्व एवं ए.टी.के0टी (A.T.K.T) छात्रों के आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक परीक्षा के अंक दिनांक 26.03.2017 तक अनिवार्य रूप से ऑनलाईन अपडेट करने वावत्।**

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गतलेख है कि **पी.जी.डी.सी.ए. प्रथम सेमेस्टर परीक्षा दिसम्बर-2016 (नियमित/ भूतपूर्व एवं ए.टी.के0टी (A.T.K.T) छात्रों** की प्रायोगिक परीक्षा हेतु विश्वविद्यालय द्वारा बाह्य परीक्षकों की नियुक्ति की जा चुकी है। नियुक्त किये गये बाह्य परीक्षकों की नियुक्ति पत्र संबंधित महाविद्यालयों की ओर महाविद्यालयों की ई-मेल आई.डी0 पर भेजे जा चुके है। कृपया आप नियुक्त बाह्य परीक्षकों से सम्पर्क कर शीघ्र परीक्षाऐं सम्पन्न कराने का कष्ट करें।

पी.जी.डी.सी.ए. प्रथम सेमेस्टर परीक्षा दिसम्बर-2016 (नियमित/भूतपूर्व एवं ए.टी.के0टी (A.T.K.T) छात्र/छात्राओं के आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक परीक्षा सम्पन्न कराकर आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक परीक्षा के अंक विश्वविद्यालय की बेबसाइट पर दिनांक 26.03.2017 तक अनिवार्य रूप से ऑनलाईन अपडेट करें, अपडेट किये गये अंकों की सूची का सूक्ष्मता से परीक्षण कर अपडेट अंको की हार्डकापी विश्वविद्यालय के गोपनीय विभाग में दिनांक 28.03.2017 तक अनिवार्य रूप से जमा करायें।

आपको यह भी ज्ञात होगा कि, आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक परीक्षा के अंक सभी नियमित/भूतपूर्व छात्र/छात्राओं के ऑनलाईन अपडेट किये जाने है । ए.टी.के0टी(A.T.K.T) परीक्षा में सम्मलित परीक्षार्थी के आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक परीक्षा के अंक ऑनलाइन अपडेट नहीं होते है। केवल ऐसे ए.टी.के0टी(A.T.K.T) परीक्षार्थी जो आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक परीक्षा में अनुत्तीर्ण है। केवल उन्ही छात्रों के नवीन आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक परीक्षा के अंक अपडेट किये जाते है।

आपको यह पुनः स्मरण कराया जाता है कि, आपके महाविद्यालय के लिये नियुक्त बाह्य परीक्षकों के नियुक्ति पत्र आपके महाविद्यालय की ई-मेल आई0डी0 पर विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में प्रेषित किये गये हैं।

आपके द्वारा निर्धारित अवधि में आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक परीक्षा के अंक यदि अपडेट नहीं किये जाते है, तो आपके महाविद्यालय के छात्रों के परीक्षा परिणाम घोषित नहीं किया जावेगा । जिसके लिये महाविद्यालय प्राचार्य स्वंय उत्तदायी होंगें । परीक्षा परिणाम घोषित होने के उपरांत प्रस्तुत किये जाने वाले आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक परीक्षा के अंक किसी भी परिस्थिति में मान्य नहीं होंगे। पृथक से अंक प्रस्तुत करने की परिस्थिति में संबंधित महाविद्यालय के विरूद्व कार्यवाही हेतु उच्च शिक्षा विभाग को लिखा जावेगा।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :-

1. कुलपति महोदया के सचिव,जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
2. कुलसचिव के निजि सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
3. विश्वविद्यालय की बेबसाइट पर अपलोड हेतु।

उप/सहा0 कुलसचिव (गोपनीय)